**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 619**

**उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2026**

**कोल्हापुर के दूरदराज और पहाड़ी इलाकों में डिजिटल कनेक्टिविटी**

619. **श्री शाहू शहाजी छत्रपती:**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सुदूर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में अस्थिर मोबाइल कनेक्टिविटी का सामना कर रहे कोल्हापुर के राधानगरी और गगनबावड़ा के पिछड़े ब्लॉकों में 4जी/5जी सैचुरेशन परियोजना और भारतनेट कार्यान्वयन के लिए समर्पित वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा;

(ख) ब्लॉक-वार वर्तमान बीएसएनएल 4जी टावर स्थापना की स्थिति, संचालित पीएम-वाणी वाई-फाई हॉटस्पॉट और ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी कवरेज क्या है;

(ग) क्या किसानों के लाभ के लिए कोल्हापुर को डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के अगले चरण में शामिल करने का विचार है; और

(घ) वर्ष 2027 तक नियोजित वित्तपोषण आवंटन, कार्यान्वयन समय-सीमा और डिजिटल साक्षरता केंद्रों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर)**

(क) डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के माध्यम से सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में दूरसंचार अवसंचरना की कनेक्टिविटी के लिए 4जी सेचुरेशन परियोजना और भारतनेट सहित योजना-वार समर्पित वित्त पोषण प्रदान किया गया है।

(ख) 30.06.2026 तक, कोल्हापुर के राधानगरी और गगनबावडा ब्लॉकों में 14 सरकारी वित्त पोषित 4जी मोबाइल टावरों को चालू किया गया है। इसके अलावा, कोल्हापुर में 587 वाईफाई हॉटस्पॉट चालू हैं। भारतनेट परियोजना के तहत राधानगरी और गगनबावडा ब्लॉकों में क्रमशः 122 किलोमीटर और 31 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई है।

(ग) कोल्हापुर को पहले ही डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के मुख्य आधुनिकीकरण चरणों में शामिल किया जा चुका है।

(घ) प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीडीआईएसएचए) की शुरुआत देश भर में 6 करोड़ ग्रामीण परिवारों (प्रति परिवार एक व्यक्ति) में डिजिटल साक्षरता पहुँचाने के लिए की गई थी। इस योजना को सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा देश भर में 2.5 लाख ग्राम पंचायतों में फैले 4.39 लाख कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) के माध्यम से कार्यान्वित किया गया था।

****